सर्वोच्च प्राथमिकता/द्वारा फैक्स/ई–मेल

# उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय इलाहाबाद।

संख्या:पॉच--2500(वरिष्ठता)2014 दिनांक:अक्टूबर 20 ,2014

सेवा में,

**समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष,**
जनपदीय/अजनपदीय शाखा,
उत्तर प्रदेश।

विषय: **वर्ष 1982 से वर्ष 1996 तक के भर्ती आरक्षी ना0पु0 एवं मुख्य आरक्षी ना0पु0 विशेष श्रेणी की उ0प्र0 नामिनल रोल डाटाबेस प्रणाली पर उपलब्ध सूचनानुसार सूची का प्रकाशन।**

---

अवगत कराना है कि आरक्षी नागरिक पुलिस की वर्षवार (बैचवार) सूची बनाने की कार्यवाही प्रचलित है तथा मा0 सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सिविल अपील संख्या 6549/2014 (विशेष अनुज्ञा याचिका संख्या 8400/2008 प्रदीप कुमार राय व अन्य बनाम राज्य सरकार व अन्य के साथ बन्च 07 अन्य विशेष अनुज्ञा याचिकाओं) में पारित सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय दिनांक 15–07–2014 के पालन में पुलिस महानिदेशक,उ0प्र0 के अपेक्षानुसार उपरोक्त कार्यवाही तत्काल पूर्ण किया जाना अपेक्षित है।

2– अतः उ0प्र0 नामिनल रोल डाटाबेस प्रणाली पर आपके जनपद/इकाई द्वारा आरक्षी ना0पु0 से सम्बन्धी उल्लिखित सूचना के आधार पर **वर्ष 1982 से वर्ष 1996** तक के भर्ती **कुल–35,143** आरक्षी ना0पु0 एवं मुख्य आरक्षी ना0पु0 विशेष श्रेणी एलआईयू के आरक्षियो की भर्ती की तिथि के अनुसार सूची निर्धारित प्रारूप में तैयार कर उ0प्र0 पुलिस की बेवसाइड **http://uppolice.gov.in/page.aspx?estt.-matters-of-civil-police** पर दिनांक 20.10. 2014 को प्रदर्शित की जा चुकी है तथा इस पत्र के साथ आपके कार्यालय के ई–मेल आईडी पर **Excel फाइल** में भेजा जा रहा है।

3– कृपया निम्नलिखित कार्यवाही तत्काल सुनिश्चित करायें:–

**1– सूची में अंकित सूचना का मिलान अपने जनपद/इकाई में नियुक्त आरक्षी के सेवाभिलेख से करके इसमें विद्यमान त्रुटियों को सही कर सही की गयी सूचना को कलर प्रदान करते हुयें ई–मेल के माध्यम से पुलिस मुख्यालय इलाहाबाद को 01 सप्ताह के अन्दर वापस भेजे तथा सूचना पुलिस मुख्यालय को दें।**

**2– वर्ष 1982 से 1996 के मध्य भर्ती व आपके जनपद/इकाई में नियुक्त किसी आरक्षी, मुख्य आरक्षी विशेष श्रेणी ना0पु0 एवं आरक्षी, मुख्य आरक्षी विशेष श्रेणी एलआईयू का नाम छूटा हो तो उसका नाम भेजी जा रही Excel फाइल में निर्धारित प्रारूप में सूचना अंकित करते हुये जोडकर फाइल को ई–मेल के माध्यम से भेजे तथा डाक के माध्यम से सूचित करें।**

**3– इस सूची को अपने जनपद/इकाई के सूचनापट्ट पर समस्त सम्बन्धित कर्मी के सूचनार्थ प्रदर्शित कर दें, जिसकी सूचना सभी को देकर अभिलेख अपने कार्यालय में सुरक्षित कर लें।**

**4– सूची को डाउनलोड करके जनपद/इकाई में नियुक्त सम्बन्धित कर्मी को सूचित करें तथा सूचना देने सम्बन्धी अभिलेख अपने कार्यालय में सुरक्षित रख लें।**

**5– सम्बन्धित कर्मियो को प्रदर्शित पर आपत्ति प्रस्तुत करने हेतु 08 दिवस का समय प्रदान करें तथा इससे सम्बन्धित प्राप्त आपत्तियों का निराकरण करके संशोधन करने सम्बन्धी प्रकरणो को पुलिस मुख्यालय इलाहाबाद को उपलब्ध करायें। साथ ही प्राप्त सभी आपत्तियों को निस्तारित करके 01 सप्ताह के अन्दर सम्बन्धित कर्मी को अवश्य सूचित कर दें।**

**6– सूची में यदि नागरिक पुलिस के अतिरिक्त अन्य किसी कर्मी यथा (सशस्त्र पुलिस, माउन्टेड पुलिस, परिवहन शाखा आदि) का नाम सम्मिलित हो तो उसे हटाते हुये सम्बन्धित कर्मी को सूचित कर सूची से नाम हटाकर कर पुलिस मुख्यालय को अवगत करायें।**

4– इस विषय से सम्बन्धित सभी सूचनाएं Excel फाइल में पुलिस मुख्यालय के ई–मेल आईडी promo.ctohccpphq5@gmail.com पर 01 सप्ताह के अन्दर एवं सम्पूर्ण कार्यवाही पूर्ण कर फैक्स के माध्यम से 15 दिवस के अन्दर पुलिस मुख्यालय इलाहाबाद को उपलब्ध करायें।

**संलग्नक:यथोपरि।**

20/10/14

**(भगवान स्वरूप)**
पुलिस उपमहानिरीक्षक,स्थापना
उत्तर प्रदेश।

प्रतिलिपि पुलिस उमहानिरीक्षक तकनीकी सेवायें,चतुर्थ तल जवाहर भवन उ0प्र0 लखनऊ को इस आशय से प्रेषित है कि कृपया इस पत्र को संलग्नक सहित उ0प्र0 पुलिस बेवसाइड पर पदोन्नति की कार्यवाही पूर्ण होने तक प्रदर्शित कराने का कष्ट करें।

**संलग्नकःयथोपरि।** सूची इन्टरनेट पर डाउनलोड है।

प्रतिलिपि— निम्नांकित को कृपया सूचनार्थ एवं इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि कृपया अपने अधीनस्थ वरिष्ठ/पुलिस अधीक्षक/जनपद प्रभारी से उक्त निर्देश का समय से अनुपालन कराने की कृपा करें:—

1— समस्त पुलिस महानिरीक्षक जोन्स उ0प्र0।

2— समस्त पुलिस उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्र उ0प्र0।

**संख्या तथा दिनांक वहीं।**

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1— पुलिस उप महानिरीक्षक,ए0टी0एस0 लखनऊ।

2— समस्त वरिष्ठ/पुलिस अधीक्षक/प्रभारी जनपद/सेनानायक पीएसी वाहिनी उ0प्र0।

3— समस्त प्रशिक्षण संस्थान उ0प्र0।

**संख्या तथा दिनॉक वही।**

प्रतिलिपिःनिम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1—पुलिस उपमहानिरीक्षक,एन0आई0ए0, 1/131 विजयखण्ड गोमती नगर लखनऊ।

2—उपाध्यक्ष विकास प्राधिकरण इलाहाबाद/लखनऊ/गाजियाबाद/नोयडा/बरेली।

3—निदेशक, अन्य पिछड़ा वर्ग निदेशालय इन्दिरा भवन लखनऊ।

4—आयुक्त व्यापार कर विभाग उ0प्र0 लखनऊ।

5—पुलिस अधीक्षक,पावर कारपोरेशन उ0प्र0 लखनऊ।

6—पुलिस अधीक्षक,सीबीआई लखनऊ।

7—पुलिस अधीक्षक, सतर्कता अधिष्ठान उ0प्र0 लखनऊ।

**संख्या तथा दिनांक वहीं**

प्रतिलिपि—निम्नलिखित को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि वे कृपया वॉछित सूचना उपलब्ध कराने हेतु अपने स्तर से भी उचित निर्देश देने की कृपा करें :—

1—अपर पुलिस महानिदेशक, कार्मिक,उ0प्र0 लखनऊ।

2—पुलिस महानिरीक्षक,स्थापना उ0प्र0 लखनऊ।